i-NEXT PAGE 4, 7

एलयू कार्यपरिषद बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर

एलयू में एंटी ब्राइबरी एंड करप्शन पॉलिसी

एंटी ब्राइबरी एंड करप्शन पॉलिसी से करप्शन रोकने का प्रयास

- 2 कॉलेजों को अलग-अलग कोर्सों के लिए स्थायी संबद्धता

LUCKNOW (5 Aug): लखनऊ यूनिवर्सिटी में शनिवार को कार्यपरिषद की बैठक हुई. यह बैठक कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई. बैठक में कई प्रस्तावों पर मोहर लगा दी गई. कार्यपरिषद की बैठक में तीन नए महाविद्यालयों की मान्यता के साथ-साथ 19 कॉलेजों में अलग-अलग पाठ्यक्रमों को सत्र 2023-24 के लिए अस्थाई संयुक्तता दी गई है. वहीं, 2 कॉलेजों को अलग-अलग पाठ्यक्रमों के लिए स्थायी संबद्धता दी गई.

नियुक्ति को मिली हरी झंडी

बैठक में सेल्फ फाइनेंस कोर्स में असिस्टेंट प्रोफेसर के चयन का अनुमोदन प्रदान किया गया है. इनमें मकैनिकल इंजीनियरिंग में 3, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में 1 और रेगुलर डिपार्टमेंट एंशियंट इंडियन हिस्ट्री में 3, अप्लाइड इकोनॉमिक्स में 1 और मेडिवल एंड मॉडर्न इंडियन हिस्ट्री में 1 नियुक्ति हुई है. इसके अलावा विवि के अलग अलग विभागों के 40 शिक्षकों का स्थायीकरण किया गया.

एलयू में आज से शुरू हुआ पीजी एंट्रेंस एग्जाम

लखनऊ यूनिवर्सिटी में शनिवार से पोस्ट ग्रेजुएट एंट्रेंस एग्जाम की शुरुआत हुई. यह एग्जाम 4 हजार सीटों के लिए हो रहा है. एग्जाम दो शिफ्ट में हुआ. पहली शिफ्ट सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक चली. वहीं दूसरी शिफ्ट में दोपहर 3 बजे से शाम 4:30 बजे तक एग्जाम हुआ. एलयू प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सुबह की पाली में एंथ्रोपॉलजी, सोशियोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, पब्लिक हेल्थ का एग्जाम हुआ. वहीं दूसरी पाली में एआईएच एंड आर्कियोलॉजी, अप्लाइड जियोलॉजी, बैलिबआइएससी, बायो केमिस्ट्री और पब्लिक हेल्थ का एग्जाम देने स्टूडेंट्स पहुंचे. एआईएच में जहां 81 फीसदी ने परीक्षा दी. वहीं अप्लाइड जियोलॉजी में 66 फीसदी स्टूडेंट्स शामिल हुए. बीएलआईएससी में 75 फीसदी, बायोकेमिस्ट्री में 65 फीसदी, पब्लिक हेल्थ में 61 फीसदी, एंथ्रोपॉलजी में 78 फीसदी, सोशियोलॉजी में 73 फीसदी, बायोटेक्नोलॉजी में 64 फीसदी और पब्लिक हेल्थर कम्युनिटी मेडिसिन में 80 फीसदी स्टूडेंट्स ने एग्जाम दिया.

एनईपी के तहत बनेंगे सेल व नई पॉलिसी

कार्यपरिषद की बैठक में एलयू ने कई सेल बनाए जाने और नई पॉलिसी को लेकर भी स्वीकृति दी है. एलयू में इंटरनेशनल सेल का गठन किया जाएगा. इसके अलावा कई पॉलिसी पर भी काम किया जाएगा. एलयू ने सस्टेनेबल प्रोक्योरमेंट पॉलिसी, सस्टेनेबिलटी एंड क्लाइमेट एक्शन, सस्टेनेबल इंवेस्टमेंट पॉलिसी, इक्वैलिटी डायवर्सिटी एंड इंक्लूजन पॉलिसी, एंटी डिस्क्रिमनेशन एंड एंटी हैरसमेंट पॉलिसी के साथ-साथ एंटी ब्राइबरी एंड करप्शन पॉलिसी का अनुमोदन दिया है.

26 से होंगे प्रैक्टिकल एग्जाम

LUCKNOW (5 Aug): एलयू के जियोलाजी विभाग ने बीएससी दूसरे और चौथे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है. दूसरे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 26 अगस्त को दो बैच में होगी. पहले बैच की परीक्षा सुबह 9:30 से 12:30 बजे तक होगी. इसमें विद्यार्थियों को सुबह नौ बजे रिपोर्ट करनी होगी. दूसरे बैच की परीक्षा 1:30 से 4:30 बजे तक होगी. चौथे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 28 अगस्त को सुबह 9:30 से 12:30 बजे तक आयोजित की जाएगी.

HINDUSTAN PAGE 6

बीए-बीएससी में सीटें तय, आठ तक भरें फीस

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर के तीन पाठ्यक्रमों के लिए सीट आवंटित कर दी गई हैं। इन कार्यक्रमों में आठ अगस्त तक फीस जमाकर सीट लेनी होगी।

एलयू में स्नातक प्रवेश 2023-24 के तहत बीए, बीएससी बायो-मैथ्स की ऑनलाइन काउंसलिंग अन्तर्गत च्वाइस फिलिंग समाप्त हो चुकी है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पाठ्यक्रमों की मेरिट के अनुसार सीट आवंटन जारी कर दिया गया है। सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत बीपीएड द्वितीय, चतुर्थ सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 21 और 22 अगस्त को होगी। एमपीएड परीक्षा 23, 24 और 25 को तय की गई है। छात्र-छात्राओं को फाइल, किट के साथ शिवाजी मैदान में सुबह 06:30 बजे पहुंचना होगा। एलयू में एमबीए, एमटीटीएम की प्रवेश परीक्षा आज : परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं शनिवार से शुरू हो गई हैं। पहले दिन आयोजित नौ विषयों की प्रवेश परीक्षा में औसतन 71% अभ्यर्थी रहे। रविवार एमबीए और एमटीटीएम पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा रखी गई है।

एकेटीयू: अब 14 तक पंजीकरण : एकेटीयू से संबद्ध संस्थानों में बीटेक पाठ्यक्रम सहित अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण की तारीख को 14 अगस्त तक बढ़ा दिया गया।

अवध गर्ल्स: यूजी-पीजी में 15 तक सीधा दाखिला

लखनऊ। अवध गर्ल्स कॉलेज में स्नातक-परास्नातक में आवेदन और प्रवेश लेने की तारीख बढ़ा दी गई है। कॉलेज में 15 अगस्त तक सीधे दाखिले का मौका रहेगा। पहले अंतिम तिथि 31 जुलाई रखी गई थी। अवध गर्ल्स में यूजी स्तर पर बीए-बीकॉम और पीजी स्तर पर अंग्रेजी, शिक्षाशास्त्र, राजनीति विज्ञान और भूगोल में एमए पाठ्यक्रम है। इनमें 15 तक आवेदन, प्रवेश होंगे। प्राचार्या प्रो. बीना राय ने बताया कि कॉलेज में बीए की 400, बीकॉम में 240 सीटें हैं।

एलयू : विदेशी छात्रों के लिए अलग सेल बनेगा

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को हुई कार्यपरिषद की बैठक में कई शिक्षकों को स्थाई किया गया। कई नए शिक्षकों की भर्ती पर मुहर लगी। इंटरनेशनल सेल, नई नीतियों का अनुमोदन हुआ।

कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि चयन समिति की संस्तुतियों को देखते हुए स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 3 और इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन में 1 सहायक आचार्यों को नियुक्त किया गया है। प्राचीन भारतीय इतिहास में 3, एप्लाइड इकोनॉमिक्स में 1 और मिडवेल एंड मॉडर्न इंडियन हिस्ट्री में 1 सहायक आचार्य नियुक्त किया गया है। 40 शिक्षकों का स्थायीकरण किया गया। कार्यपरिषद में सीतापुर के मनोकामिनी देवी महाविद्यालय, लखनऊ स्थित अम्बिकेश्वर कॉलेज ऑफ हायर स्टडीज, सूर्या कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट को मान्यता दी गई।

10 शिक्षकों के स्थायीकरण को दी गई इजाजत

एनईपी के तहत सेल पॉलिसी का अनुमोदन

कुलपति ने बताया कि एनईपी-2020 के तहत सेल,पॉलिसी का अनुमोदन किया है। इंटरनेशनल सेल अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों पर फोकस कर मदद करेगी। डायरेक्टर सदस्य होंगे। उत्पीड़न-विरोधी नीति के साथ स्थिरतखोरी भ्रष्टाचार विरोधी नीति बनाई गई है।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

कोर्सों का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लविवि ने शनिवार को बीए ऑनर्स पॉलीटिकल साइंस, बीवॉक रिन्यूबल एनर्जी, एमए, एमएससी एंथ्रोपॉलिजी, एमए, एमएससी फॉरेंसिक साइंस, एमए, एमएससी रिन्यूबल एनर्जी का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। इसे वेबसाइट पर देख सकते हैं। (संवाद)

नौ कोर्सों की हुई प्रवेश परीक्षा

लखनऊ। लविवि में परास्नातक कोर्सों की प्रवेश परीक्षा के पहले दिन शनिवार को नौ विषयों का एग्जाम हुआ। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एमए एआईएच की प्रवेश परीक्षा में 81, एप्लाइड जियोग्राफी में 66, बीएलआईएससी में 75, बायो केमिस्ट्री में 65, एमपीएच में 61, एंथ्रोपॉलिजी में 78, सोशियोलॉजी में 73, बायो टेक्नोलॉजी में 64 व एमपीएच कम्युनिटी हेल्थ में 80 फीसदी उपस्थिति रही। (संवाद)

NBT PAGE 7, 8

राजनीति विज्ञान की परीक्षाएं 16 से

एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू में सम सेमेस्टर परीक्षाओं के तहत बीए ऑनर्स राजनीति विज्ञान व एमए राजनीति विज्ञान ओल्ड कोर्स के चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 अगस्त से शुरू होंगी। एमए या एमएससी मानवशास्त्र व फॉरेंसिक साइंस के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 22 अगस्त से और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 23 अगस्त से होगी। एमएससी रिन्यूबल एनर्जी द्वितीय सेमेस्टर की 19 अगस्त और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 अगस्त से शुरू होंगी। बीवोक रिन्यूबल एनर्जी टेक्नोलॉजी की परीक्षा 19 अगस्त और चतुर्थ सेमेस्टर की 16 अगस्त से होगी।

शारीरिक शिक्षा के प्रैक्टिकल 21 से: बीपीएड द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के प्रैक्टिकल 21 व 22 अगस्त को होंगी। एमपीएड के 23, 24 व 25 को होंगे।

कई शिक्षक स्थाई, कई नए आएंगे

एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू में शनिवार को हुई कार्यपरिषद में कई शिक्षकों को स्थाई किया गया। वहीं कई नए शिक्षकों की भर्ती पर मुहर लगी। इसके अलावा एंटी ब्राइबरी समेत कई नई सेल का गठन किया गया।

एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि चयन समिति की संस्तुतियों को देखते हुए स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों मैकेनिकल इंजिनियरिंग में 3 और इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन में 1 सहायक आचार्यों को नियुक्त किया गया है। वहीं नियमित विभागों में ऐशियंट इंडियन हिस्ट्री में 3, एप्लाइड इकनॉमिक्स में 1 और मिडवेल एंड मॉर्डन इंडियन हिस्ट्री में 1 सहायक आचार्य को ऑपॉइंट किया गया है। वहीं विभिन्न विभागों के 40 शिक्षकों का स्थायीकरण किया गया।

तीन नए महाविद्यालयों को मान्यता : कार्यपरिषद में सीतापुर स्थित मनोकामिनी देवी बालिका महाविद्यालय, लखनऊ स्थित अम्बिकेश्वर कॉलेज ऑफ हायर स्टडीज और सूर्या कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट एंड साइंस को मान्यता दी गई। वहीं सीतापुर स्थित कृष्ण पाल सिंह पीजी कॉलेज और हरदोई स्थित माधुरी सिंह डिग्री कालेज को स्थाई मान्यता दे दी गई। वहीं एनईपी-2020 के तहत सेल और पॉलिसी का अनुमोदन किया गया है। यह इंटरनेशनल स्टूडेंट्स पर फोकस करेगी।

JAGRAN CITY PAGE III

तीन नए, 19 पुराने कालेजों में 22 पाठ्यक्रमों को सम्बद्धता

लखनऊ विश्वविद्यालय की शनिवार को हुई कार्य परिषद की बैठक में दी गई कई प्रस्तावों को मंजूरी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को हुई कार्य परिषद की बैठक में तीन नए कालेजों के साथ-साथ 19 पुराने कालेजों के 22 पाठ्यक्रमों को सत्र 2023-24 के लिए अस्थायी सम्बद्धता दे दी है। इसके अलावा नौ सहायक आचार्यों के चयन के अनुमोदन और विभिन्न विभागों के 40 अस्थायी शिक्षकों के स्थायीकरण का प्रस्ताव भी मंजूर कर लिया गया।

शनिवार को दोपहर तीन बजे से कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में कार्यपरिषद की बैठक आयोजित की गई। इसमें तीन नए महाविद्यालयों की मान्यता के साथ 19 महाविद्यालयों में यूजी के 16 व पीजी के छह पाठ्यक्रमों को अस्थायी सम्बद्धता दी गई। वहीं, दो महाविद्यालयों के विभिन्न पाठ्यक्रमों को स्थायी सम्बद्धता भी मिली।

ये हैं नए महाविद्यालय : मनोकामिनी देवी बालिका महाविद्यालय, सीतापुर, अम्बिकेश्वर कालेज आफ हायर स्टडीज, लखनऊ, सूर्या कालेज आफ मैनेजमेन्ट एंड साइंस लखनऊ।

इन्हें मिली स्थायी सम्बद्धता : कृष्ण पाल सिंह पीजी कालेज तम्बौर-सीतापुर, माधुरी सिंह डिग्री कालेज, सांडी -हरदोई

नीतियों को भी मंजूरी : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत अंतरराष्ट्रीय सेल के गठन के साथ छह नीतियों को भी अनुमोदन दिया गया। इसमें सतत खरीद नीति, सतत निवेश नीति, समानता, विविधता एवं समावेश नीति, भेदभाव एवं उत्पीड़न विरोधी नीति तथा रिश्वत एवं भ्रष्टाचार विरोधी नीति शामिल है।

लवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय का कहना है हाल ही में यूजीसी ने अंतरराष्ट्रीय सेल बनाने के लिए निर्देश दिए थे। उसी क्रम में इस सेल के गठन को मंजूरी दी गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत क्यूएस रैंकिंग में कुछ इंडीकेटर्स हैं। इसी के अनुसार कई नीतियों का भी अनुमोदन दिया गया है।

बीए, बीएससी गणित और बायो में सीट आवंटन

लवि में स्नातक प्रवेश के अंतर्गत बीए (एनईपी), बीएससी गणित और बीएससी बायोलाजी की आनलाइन काउंसिलिंग में च्वाइस फिलिंग समाप्त हो चुकी है। प्रवेश सेल ने शनिवार को मेरिट के अनुसार अभ्यर्थियों की ओर से दी गई च्वाइस को देखते हुए सीट आवंटन जारी कर दिया। प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर पंकज माथुर की ओर से जारी निर्देश के अनुसार अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ के एडमिशन पेज पर जाकर अपने पूर्व में दिए गए लागिन आइडी पासवर्ड के माध्यम से सीट आवंटन देख सकते हैं। अभ्यर्थियों के पास आनलाइन सीट कंफर्मेशन फीस जमा करने का मौका आठ अगस्त को रात 12 बजे तक रहेगा।

इस बात का रखें ध्यान : जिन अभ्यर्थियों को उनकी प्रथम वरीयता (फर्स्ट च्वाइस) आवंटित नहीं है, वे सीट कंफर्मेशन फीस जमा करने के साथ ही अपग्रेडेशन का चयन करें, ताकि दूसरे आवंटन एवं अपग्रेडेशन में उनकी पहली वरीयता की संभावना बनी रहे। यदि कोई अभ्यर्थी सीट कंफर्मेशन फीस के साथ अपग्रेडेशन का चयन नहीं करता है तो दूसरे आवंटन में उन पर विचार नहीं किया जाएगा।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि : कार्य परिषद ने खोले 9 के लिफाफे

दी गयी नियुक्ति

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय की वहुप्रतीक्षित कार्यपरिषद की बैठक में शनिवार को विभिन्न विभागों के असिस्टेंट प्रोफेसर पदों के 9 लिफाफे खोल कर उनको नियुक्ति दी गई, जवकि पिछले दो वर्षों में नियुक्ति पाए 40 असिस्टेंट प्रोफेसरों का स्थायीकरण भी किया गया है। लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में दोपहर 3:00 वजे कार्यपरिषद की वैठक हुई, जिसमें गत दिवसों में चयन समिति की संस्तुतियों के अनुसार विभागों में असिस्टेंट प्रोफेसर के चयन का अनुमोदन दिया गया है। इसमें स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में मैकैनिकल इंजीनियरिंग में 3 पद, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में एक तथा नियमित विभागों में एनसीएंट इंडियन हिस्ट्री में 03, अप्लाइड इकोनॉमिक्स में एक तथा मेडवल और मॉडर्न इंडियन हिस्ट्री में 01 नियुक्ति हुई।

इस तरह से कुल 9 असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों के लिफाफे खोले गए है। लिखित परीक्षा के रिजल्ट आने के वाद अव एंथ्रोपोलॉजी और जियोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर के कैडर के इंटरव्यू वचे रह गए है, माना जा रहा है कि अगस्त 2023 में इनका भी निपटारा हो जाएगा। इसके अलावा शनिवार को ही 03 नये महाविद्यालयों की मान्यता तथा 19 महाविद्यालयों के विभिन्न पाठ्यक्रमों को सत्र 2023-24 हेतु अस्थायी सहयुक्ता भी दे दी गई तथा 02 महाविद्यालयों के विभिन्न पाठ्यक्रमों को स्थायी सम्बद्धता मिली है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

कई विभागों के 40 शिक्षकों का हुआ स्थायीकरण

लविवि की कार्य परिषद की बैठक में लिए गये अहम निर्णय

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक शनिवार को आहूत हुई। बैठक कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कई अहम निर्णय लिये गये। साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 40 शिक्षकों का स्थायीकरण किया गया।

- तीन नये महाविद्यालयों की मान्यता व 19 के कई पाठ्यक्रमों को दी अस्थायी सहयुक्ता

इसमें गत दिवसों में चयन समिति की संस्तुतियों के अनुसार विभागों में सहायक आचार्य के चयन का अनुमोदन प्रदान किया गया। इसमें स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में तीन, इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन में एक तथा नियमित

विभागों में एसियेंट इंडियन हिस्ट्री में तीन, एप्लाइड इकोनॉमिक्स में एक तथा मिडवेल एंड मार्डन इंडियन हिस्ट्री में एक नियुक्ति हुई। साथ ही तीन नये महाविद्यालयों की मान्यता तथा 19 महाविद्यालयों के विभिन्न पाठ्यक्रमों को शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए अस्थायी सहयुक्ता दी गयी तथा दो महाविद्यालयों के विभिन्न पाठ्यक्रमों को स्थायी सम्बद्धता दी गयी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सात विभिन्न सेल और पॉलेसी का अनुमोदन दिया गया। इसमे इंटरनेशन सेल, सस्टेनबल प्रोक्रयमेंट पॉलिसी, सस्टेनबिटी एंड क्लाइमेंट एक्शन, सस्टेनबल इंवेस्टमेंट पॉलिसी, इक्वेलिटी, डाइवर्सिटी एंड इंक्लोजन (ईडीआई), एंटी डिस्क्रे मिनेशन एंड एंटी हेरेसमेंट पॉलिसी और एंटी ब्रिबरी एंड करप्शन पॉलिसी हैं। बैठक में नये महाविद्यालय में सीतापुर के मनोकामिनी देवी बालिका महाविद्यालय, लखनऊ के दे कालेज अम्बिकेश्वर कालेज ऑफ हायर स्टडीज और सूर्या कालेज आफ मैनेजमेन्ट एंड साइंस बनाये गये। वहीं सीतापुर के कृष्ण पाल सिंह पीजी कलेज और हरदोई के माधुरी सिंह डिग्री कालेज है।

लविवि में नौ कोर्स के लिए हुई प्रवेश परीक्षा

लखनऊ। लविवि के नौ कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा शनिवार को होगी। परीक्षा में शुचिता बनाये रखने के लिए अभ्यर्थियों की सघनता से जांच की गयी। लविवि में एआईएच में 81 प्रतिशत, एप्लाइड जियोलॉजी में 66 प्रतिशत, बीएलआईएस में 75 प्रतिशत, बायो कैमेस्ट्री में 65 प्रतिशत, पब्लिक हेल्थ में 61 प्रतिशत, एन्थ्रोपॉलिजी में 78 प्रतिशत, सोशलॉजी में 73 प्रतिशत, बायो टेक्रोलॉजी में 64 प्रतिशत और पब्लिक हेल्थ (कम्युनिटी मेडिसिन) में 80 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी।

TOI PAGE 4

LU grants affiliation to 3 colleges at EC meet

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: The Lucknow University granted affiliation to three new colleges, temporary affiliation to various courses offered by 19 LU-affiliated colleges and permanent affiliation to various courses offered by two colleges for the academic session 2023-24 in the executive council meeting held on Saturday.

Also, during the meeting in accordance with the recommendations of the selection committee in the past, approval was granted for the selection of nine assistant professors in five departments. As many as three assistant professors in mechanical engineering, one each in electronics and communication, applied economics and medieval and modern history and three in ancient Indian history were approved by the EC.

Also, under the National Education Policy, 2020, seven new cells and policies were approved comprising an international cell, sustainable procurement policy, sustainability and climate action, sustainable investment policy, equality, diversity and inclusion (EDI) policy, anti-discrimination and anti-harassment policy, anti-bribery and corruption policy.

HT PAGE 3

LU's exec panel okays three new colleges

HT Correspondent
letters@htlive.com

LUCKNOW: The executive council of the Lucknow University has approved three new colleges. Temporary affiliation has been given to various courses of 19 colleges for session 2023-24, and two other colleges received permanent affiliation for various courses.

The three new colleges are -- Manokamini Devi Girls College, Sitapur; Ambikeshwar College of Higher Studies, Lucknow and Surya College of Management and Science, Lucknow.

Separately, permanent affiliation was given to two other colleges -- Krishna Pal Singh PG College, Tambore in Sitapur and Madhuri Singh Degree College, Sandi in Hardoi.

In a meeting held on Saturday under vice-chancellor, Prof Alok Kumar Rai, approval was given for the selection of assistant professors in various departments in self-financed courses. Three appointments were made in mechanical engineering, one in electronics and communication, and three in ancient Indian history, one in applied economics, and one in medieval and modern Indian history in regular departments.

Under the National Education Policy 2020, the various cells/policies were also approved. These are International Cell, sustainable procurement policy, sustainability and climate action, sustainable investment policy, equality, diversity and inclusion policy, anti-discrimination and anti-harassment policy, and anti-bribery and corruption policy.